हिमाचल प्रदेश केंद्रीय वश्व वद्यालय
**Central University of Himachal Pradesh**
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिलाकांगड़ा-, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar@hpcu.ac.in
(Accredited by NAAC with 'A+' Grade with CGPA of 3.42)

# प्रेस नोट

**दिनांक-31.1.2024**

# उड़ीसा के साथ हिमाचल अपनी संस्कृति का करेगा आदान-प्रदान

## "एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम" कार्यक्रम के तहत प्रदेश से सीयू बना समन्वयक

## 21 फरवरी को प्रदेश से 50 शिक्षार्थी जाएंगे उड़ीसा, 7 मार्च को उड़ीसा का दल पहुंचेगा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रस्तावित "एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम" कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष हिमाचल प्रदेश से दायित्व मिला है। इस युवा संगम में हिमाचल प्रदेश से 50 शिक्षार्थी यात्रा कार्यक्रम का हिस्सा रहेंगे। भारतीय संस्कृति के आदान-प्रदान को लेकर जिस राज्य के साथ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने हिमाचल को जोड़ा है वह राज्य उड़ीसा है । हिमाचल प्रदेश से शिक्षार्थी 21 फरवरी को प्रस्थान करेंगे जिन्हें कुलपति हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रो. सत प्रकाश बंसल अपनी उपस्थिति में रवाना करेंगे ।

कुलपति सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने बताया कि इसमें हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी. आईआईटी मंडी, आईआईएम सिरमौर, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, बागवानी विश्वविद्यालय सोलन, एनआईटी हमीरपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर से शिक्षार्थी इस युवा संगम कार्यक्रम सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा चिह्नित संस्थानों के प्रमुख को पत्र जारी करके चयन प्रक्रिया के मानदंड भी प्रेषित किये हैं । सभी जिले अपना प्रतिनिधित्व दें इसका भी अनुपालन किया जायेगा । लिंग अनुपात की दृष्टि से 50 % छात्र और 50% छात्राएं चयन के मानदंड में रखे गए हैं | हिमाचल प्रदेश की लोकपरम्परा और संस्कृति को दर्शाने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी अपने – अपने जिले का नेतृत्व करेंगे यह भी सुनिश्चित किया गया है। सभी संस्थानों से एक – एक समन्वयक की नियुक्ति भी सम्बंधित संस्थान करेगा जिसके लिए पत्र कुलसचिव द्वारा प्रेषित कर दिए हैं । वहीं सीयू से समन्वयक प्रो. जगदीप सिंगला और डा. इंद्र सिंह ठाकुर रहेंगे।

उड़ीसा राज्य का प्रतिनिधि मंडल 7 मार्च को धर्मशाला पहुंचेगा। आगंतुक दल के लिए यात्रा कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा – 07 मार्च को केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला आगंतुक दल का स्वागत करेगा। इसके

बाद मैक्लोडगंज भ्रमण के साथ – साथ माननीय दलाई लामा जी मुलाक़ात रहेगी | तत्पश्चात भाग्सू नाग , नड्डी और डल झील का भ्रमण भी रहेगा | इस दिन का रात्रि विश्राम धर्मशाला होगा | 8 मार्च , (P पर्यटन ) धर्मशाला विधानसभा , कांगड़ा किला , ब्रजेश्वरी धाम और चामुंडा धाम का भ्रमण रहेगा । दूसरे दिन का विश्राम पुनः धर्मशाला रहेगा । 9 मार्च, 2024 (P परम्परा और परस्पर सम्पर्क ) के अंतर्गत प्रागपुर के पारम्परिक गाँव को दिखाया जायेगा | पारम्परिक तथा मिट्टी के घरों के द्वारा आगंतुकों को यह बताने का प्रयत्न किया जायेगा कि कैसे हिमाचल अपनी परम्परा को सहेजे हुए हैं | इसी दिन जज कोर्ट और ताल के दर्शन भी करवाए जाएंगे । श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव के दर्शन भी करवाए जाएंगे । 10 मार्च (P प्रगति) के अंतर्गत क्रिकेट स्टेडियम, युद्ध स्मारक दोपहर भोजन उपरान्त नोरबुलिंग संस्थान भ्रमण होगा । इसी दिन संध्या को सांस्कृतिक का आयोजन होगा । 11 मार्च, 2024 को ( P प्राद्योगिकी ) के अंतर्गत NIT हमीरपुर का भ्रमण रहेगा | AIMS बिलासपुर/ गोबिंद सागर / के भ्रमण के साथ रात्रि विश्राम बिलासपुर रहेगा | 12 मार्च , 2024 को आगंतुक दल बिलासपुर से शिमला के लिए रवाना होगा । इस दिन राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात का कार्यक्रम रहेगा | दोपहर बाद मॉल रोड, गेयटी थियेटर, क्राईस्ट चर्च, कालीबाड़ी और रात्रि विश्राम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में होगा । 13 मार्च , 2024 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय भ्रमण भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान तथा बद्दी क्षेत्र का भ्रमण करके यात्रा कार्यक्रम समापन होगा।

## Himachal to share culture with Odisha

## CU becomes coordinator from state under "Ek Bharat Shreshtha Bharat Yuva Sangam" program

## On February 21, 50 students from the state will go to Odisha, on March 07, the team from Odisha will reach Himachal Pradesh.

**Dharamsala.** The Central University of Himachal Pradesh has got the responsibility from Himachal Pradesh this year under the "Ek Bharat Shreshtha Bharat Yuva Sangam" program proposed by the Ministry of Education, Government of India. In this Yuva Sangam, 50 learners from Himachal Pradesh will be part of the tour program. The state with which the Ministry of Education Government of India has connected Himachal is Orissa for the exchange of Indian culture. The students from Himachal Pradesh will depart on February 21 which will be flagged off by Vice Chancellor Central University of Himachal Pradesh Prof. Sat Prakash Bansal in his presence.

Addressing a press conference held at the Vice Chancellor Secretariat, Vice Chancellor Prof. Sat Prakash Bansal said that these include Central University of Himachal Pradesh, Dharamshala, Himachal Pradesh University, Shimla, Sardar Patel University, Mandi. Students from IIT Mandi, IIM Sirmaur, Agriculture University Palampur, Horticulture University Solan, NIT Hamirpur , Technical University Hamirpur will ensure participation

in this Yuva Sangam program. The Central University has also issued a letter to the heads of the identified institutions and sent the criteria for the selection process. All districts should give their representation will also be followed. In terms of sex ratio, 50% boys and 50% girls have been kept in the criteria of selection. It has also been ensured that each participant will lead his or her respective district to showcase the folk tradition and culture of Himachal Pradesh . The concerned institution will also appoint one coordinator from all the institutions, for which letters have been sent by the registrar. Accordingly, a delegation from the state of Orissa will reach Dharamshala on March 7.

The itinerary for the visiting team will be as follows –

1. On 07 March, Central University Dharamshala will welcome the visiting team. This will be followed by a visit to McLeodganj as well as a meeting with the Honorable Dalai Lama. After this, there will also be a tour of Bhagsu Nag, Naddi and Dal Lake. The night rest of this day will be Dharamshala.
2. March 8, ( P Tourism ) There will be a tour of Dharamshala Vidhan Sabha, Kangra Fort, Brajeshwari Dham and Chamunda Dham . The rest of the second day will again be in Dharamshala .
3. March 9, 2023 (P Parampara and Interconnection) will show the traditional village of Pragpur. Through traditional and mud houses, efforts will be made to tell the visitors how Himachal has preserved its tradition. On the same day, the judges court and the pool will also be visited . Darshan of Shri Kalinath Kaleshwar Mahadev will also be done .
4. On March 10 (P Pragati), there will be a visit to the Cricket Stadium, War Memorial, Lunch and Norbullying Institute . On the same day, a cultural program will be organized in the evening .
5. On March 11, 2024, there will be a visit to NIT Hamirpur under (P Technology). and AIIMS Bilaspur. Gobind Sagar There will be a night halt along with the excursion of Bilaspur.
6. On March 12, 2024, the visiting team will leave Bilaspur for Shimla. On this day, there will be a program of meeting with Hon'ble Governor and Hon'ble Chief Minister.In the afternoon, the camps will be held at Mall Road, Gaiety Theatre, Christ Church, Kalibari and night halt at Himachal Pradesh University campus.
7. On March 13, 2024, the tour program will be immersed in Orissa by visiting the Himachal Pradesh University, the Indian Institute of Advanced Study and the Baddi area .

पूजा अवस्थी

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)